स्वच्छ हवा अभियान (Clean air campaign)

drishtiias.com/hindi/printpdf/Clean-air-campaign

चर्चा में क्यों?

1 नवंबर, 2018 को नई दिल्ली में स्वच्छ हवा अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 10 नवंबर, 2018 तक जारी रहेगा।

प्रमुख बिंदु

- प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर करीबी नज़र रखने एवं इस बारे में जानकारी देने के साथ-साथ त्वरित कदम सुनिश्चित करने के लिये केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री और दिल्ली सरकार के मंत्री द्वारा संयुक्त रूप से 52 टीमों को रवाना किया गया।
- ये टीमें दिल्ली और इसके समीपवर्ती शहरों यथा फरीदाबाद, गुरुग्राम, गाज़ियाबाद और नोएडा के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगी।
- इसमें स्थानीय सब डिवीज़नल मजिस्ट्रेट टीम लीडर होंगे।
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB), दिल्ली नगर निगम और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (DPCC) के प्रतिनिधि भी इन टीमों में शामिल होंगे।
- प्रदूषण में कमी करने के प्रयासों में तेज़ी लाते हुए एक पायलट परियोजना 'पर्यायंत्र' का भी शुभारंभ किया गया।
- इस यंत्र को शहरों में चलने वाली बसों की छतों पर लगाया जाएगा जिसमें एक फिल्टर लगा होगा। फिल्टर में प्रवेश करने वाली हवा बस के चलने पर सूक्ष्म कणों से मुक्त होकर शुद्ध हो जाती है।
- इस पायलट परियोजना के तहत 30 बसों की छतों पर ये उपकरण लगाए गए हैं।